# School Certificate Examination 2017
## Hindi (Additional)

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in the margin

**उत्तर यथासम्भव अपने शब्दों में दीजिए।**

(क) **निम्नलिखित प्रश्नों का एक या दो शब्दों में उत्तर दें।** 33×1=33

1. सूरदास की भाषा क्या है?
2. 'रामचरितमानस' के रचनाकार कौन हैं?
3. तुलसीदास किस काल के कवि हैं?
4. छायावाद के एक कवि का नाम लिखें?
5. 'भारत की सांस्कृतिक एकता' निबन्ध के लेखक कौन हैं?
6. हरिशंकर परसाई रचित किसी एक रचना का नाम लिखें?
7. 'कवीन्द्र रवीन्द्र' निबन्ध के लेखक कौन हैं?
8. 'सोभित कर नवनीत लिए'– किसकी पंक्ति है?
9. 'ग्राम श्री' कविता के कवि का पूरा नाम लिखिए?
10. हिंदी साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बाँटा गया है?
11. 'श्यामल भूतल पर झुका हुआ' किस कविता की पंक्ति है?
12. 'सत कल्प' शब्द का क्या अर्थ है?
13. दशानन कौन समास है?
14. अकर्मक क्रिया का एक उदाहरण दें।
15. 'भरपेट' किस समास का उदाहरण है?
16. सकर्मक क्रिया का एक उदाहरण दें?
17. 'लड़का आया था'– कौन सा काल है?
18. वर्तमान काल का एक उदाहरण दें।
19. 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का क्या अर्थ है?
20. 'चाँदी का जूता मारना' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है?
21. 'पत्र लेखन' के कितने भाग हैं?
22. 'मखमल' की कोमल हरियाली'– पंक्ति कहाँ से ली गई है?
23. 'नवरस' के रचनाकार कौन हैं?
24. 'गेहूँ और गुलाब' निबन्ध के लेखक कौन है?
25. 'अतीथि' शब्द का शुद्ध रूप लिखें?
26. सूरदास किस काल के कवि हैं?
27. 'कवितावली' के रचनाकार कौन हैं?

P.T.O.

28. कवीन्द्र के पिता का नाम क्या था?
29. पिता को पत्र लिखने पर पुत्र क्या संबोधन लिखता है?
30. 'आँगन में बैंगन' किस कोटि का निबंध है?
31. 'कंठुला कंठ' शब्द का क्या अर्थ है?
32. 'नीकौं रहियो जसुमति मैया'- किस कविता की पंक्ति है?
33. 'सूरसागर' के रचनाकार कौन हैं?

(ख) **निम्नलिखित में से दो पद्याशों का अर्थ लिखें।** 2×2=4

1. खेलन में काको गुसैया
हरि हारे जीते श्री दामा, वरबस हीं कत करत रिसैयाँ।
2. साँवरे गोरे सलोने सुभाय, मनोहरता जिति मैन लियो है।
3. लिपटी जिससे रवि की किरणें
चाँदी की-सी उजली जाली।

(ग) **निम्नलिखित गद्यांशो में से किन्हीं दो का अर्थ स्पष्ट करें।** 2×2=4

1. भेदों के अस्तित्व से इंकार करना मूर्खता होगी और उनकी उपेक्षा करना अपने को धोखा देना होगा।
2. अपने अलौकिक गुण के कारण इनकी रचनाएँ विश्व विश्रुत कीर्ति प्राप्त कर ही चुकी हैं।
3. ये बैंगन घर के हैं और घर की चीजों का गर्व-विशेष होता है।

(घ) **निम्नलिखित शब्दो में से किन्हीं दो के समास बताइए।** 2×2=4

भरपेट, रात-दिन, आप बीती।

(ङ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के काल बताइए।** 2×2=4

1. लड़का आया था।
2. वह कल घर जाएगा।
3. वह आता है।

(च) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो सामासिक शब्दों का विग्रह करें।** 2×2=4

पीताम्बर, त्रिभुवन, नीलकमल।

(छ) **निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्हीं दो के प्रेरणार्थक क्रियारूप लिखें।** 2×2=4

लिखना, चलना, देना।

(ज) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ।** 2×2=4

अन्धे की लकड़ी।, ईद का चाँद होना।, हाथ मलना।

(झ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें।** 2×2=4

नाच न जाने आँगन टेड़।, अंधो में काना राजा।, चिराग तले अन्धेरा।

(ञ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 3×2=6

1. सूरदास के 'बाल-वर्णन' की विशेषताएँ संक्षिप्त में लिखिए।
2. 'ग्राम श्री' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
3. 'हमारे भारतीय धर्मों में भेद होते हुए भी उनमें सांस्कृतिक एकता है।' इस कथन की पुष्टि करें।

(ट) **निम्नलिखित में से किन्हीं एक विषय पर संक्षिप्त निबन्ध लिखें।** 3+3=6

(i) परोपकार (ii) दूरदर्शन लाभ और हानि। (iii) राष्ट्रीय एकता।

अथवा

मान लिजिए आपका नाम सुनीता है। यहाँ फीस-माँफ हेतु प्रधानाचार्य के नाम आवेदन पत्र की अधूरी रूपरेखा दी गयी है। उपयुक्त शब्दों का प्रयोग कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए आवेदन पत्र को पूरा करें।

सेवा में
प्रधानाचार्य महोदय,
पाठभवन,
शांतिनिकेतन, बोलपुर

2 मार्च 20....

विषयः ..............
महोदय,
..........................................................................................................
..........................................................................................................
..........................................................................................................
..........................................................................................................
.................
.................
.................

(ठ) **किसी एक अंश का हिंदी में अनुवाद करें।** 1×3=3

(क) সংস্কৃত ভারতের রাষ্ট্রভাষা হবে কেননা প্রত্যক্ষ বা পরোক্ষ ভাবে এই ভাষা থেকেই ভারতের সমস্ত ভাষার উৎপত্তি।

(ख) মানুষ সামাজিক জীব। সমাজের ভালোমন্দের সঙ্গে মানুষের ভালোমন্দ জড়িত। সমাজের উন্নতিতেই মানুষের উন্নতি।